हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

10 अयोध्या धाम से सफीदों नगरी पहुंचे पूजित अक्षत कलश


10 कर्तव्यनिष्ठ होना अत्यंत महत्वपूर्ण


## खबर संक्षेप

### असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर केस

जींद। सोशल मीडिया पर असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव जामनी निवासी साहिल ने हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड की हुई है।

### बस ने मारी कार को टक्कर, चार घायल

पूंडरी। खरकपांडवा के पास बस चालक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर से कार सवार तीन महिलाएं व एक पुरुष घायल हो गए। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फरल निवासी महिंद्र सिंह ने शिकायत दी कि 26 दिसंबर को सात बजे परिवार और रिश्तेदारों के साथ कार में सवार होकर फतेहाबाद किसी रिश्तेदार के संस्कार पर जा रहा था।

### महिला से अश्लील हरकत दंपती के खिलाफ केस दर्ज

जींद। शहर थाना इलाके में घर में घुस अश् करने पर महिला थाना पुलिस ने दंपती के खिलाफ अश् करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने शिकायत में बताया कि गत दिवस उनका पडोसी कमल उनके घर में घुस आया ओर अश् लगा।

### घर में घुसकर चोरी का प्रयास, मुकदमा दर्ज

पूंडरी। चाणचक में एक आरोपी ने मकान में घुसकर चोरी करने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। निवासी रिंकू राम ने गुहला थाना में शिकायत दी कि 27 दिसंबर को रात के समय आरोपी बग्गे राम दीवार फांदकर चोरी करने की नीयत से उनके घर में घुस गया। आरोपी उनके घर में रखी अलमारी को खोलने की कोशिश कर रहा।

### नाबालिग के लापता होने पर मामला दर्ज

जींद। गांव खरकबूरा से नाबालिग लड़की के गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खरकबूरा निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी नाबालिग बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नहीं लगा।

### पेट्रोल पंप पर खड़ी बस से डीजल चोरी

पूंडरी। पूंडरी में एक पेट्रोल पंप पर खड़ी बस की टंकी से चोर डीजल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव पाई निवासी प्रवीन कुमार ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि वह बस चलाता है। 22 दिसंबर को पेट्रोल पंप पर बस खड़ी कर दी थी। वहां अज्ञात बस की डीजल टंकी से 11 हजार 500 रुपये कीमत का तेल चोरी करके ले गया।

### ब्लैकमेल करने और धमकी देने का आरोप

जींद। जुलाना इलाके में घर में घुस युवती से दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने तथा धमकी देने पर महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छह दुकानों के टूटे ताले 75 हजार की नगदी चोरी

जींद। पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन दुकानों के ताले तोड़ कर हजारों रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने आढ़ती की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेडा मंडी के आढ़ती पुरूषोत्तम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नीचे आढत की दुकान है।

### ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के आह्वान पर चालकों का प्रदर्शन, आयात-निर्यात का कार्य रुकने से महंगाई बढ़ने का भय

# हिट एंड रन संशोधन बिल के विरोध में उतरे चालक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

लोकसभा में गत 26 दिसंबर को हिट एंड रन संशोधन बिल को पास किए जाने के रोष स्वरूप सोमवार को प्राइवेट बसों के पहिये तीन दिन के लिए रोक दिए गए। वहीं ट्रक चालकों ने भी न्याय संहिता बिल पारित किए जाने के विरोध में उतर आए और ट्रांसपोर्ट का आगामी तीन दिन के लिए कार्य रोक दिया। इस दौरान चालकों ने आल ड्राइवर कल्याण संघ के आह्वान पर डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर इस बिल को वापस लिए जाने की मांग की। जींद में 165 से ज्यादा प्राइवेट बसें प्रतिदिन विभिनन रूटों पर चलती हैं। सोमवार को सभी बसों के पहिये रोक दिए गए और बस अड्डा के निकट गेट पर टैंट लगा धरने पर बैठ गए। प्राइवेट यूनियनों के प्रधान और बस ऑपरेटर अजय, राकेश ने कहा कि 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय सहिंता बिल पारित किया गया है। चालकों की सुरक्षा को देखते हुए यूनियन इसका विरोध करती हैं। क्योंकि इस बिल के लागू होने से देशभर के चालक बर्बाद हो जाएगा। इस बिल में यह प्रावधान किया है कि वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्तपाल तक इलाज के लिए पहुंचाना होगा। अगर वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक नही पहुंचाया तो वाहन चालक को 10 साल की सजा व 10 लाख रुपये जुर्माना होगा। अगर घायल व्यक्ति इलाज के बाद भी मृत्यु हो गई तो सात साल की सजा और सात लाख का जुर्माना किया जाएगा। देशभर के चालक इस बिल का विरोध कर रहे हैं। क्योकि इस बिल के लागू होने से चालको पर दोहरी मार पड़ेगी। अगर चालक घायल व्यक्ति को मानवता के तौर पर अस्तपाल में ले जाने की हिम्मत भी करता है तो उसको डर होता है कि वहां मौजूद आक्रोशित जनता उसे जान न मार दे। अगर वाहन चालक मौके से भाग कर किसी प्रकार से अपनी जान बचाता है तो उसे अब नया कानून के तहत 10 साल की सजा व 10 लाख जुर्माना जीते जी ही मार देगा। इस बिल में सजा व जुर्माना के डर से चालक मजबूरी में चालक की नौकरी छोड़ने पर मजबूर होंगे। यूनियन मांग करती है कि इस बिल को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए। लोकसभा में पारित किए गए नए कानून के विरोध में जींद ट्रक यूनियन भी उतर आई और 300 से 'यादा ट्रकों के पहियों को रोक दिया गया। सोमवार को एक भी ट्रक किसी तरह का भी माल लेकर बाहर नहीं निकला। ट्रकों के पहिये थम जाने से फल, सब्जी, दूध, दवाओं के आयात व निर्यात पर असर देखने को मिला। ट्रक यूनियन के प्रधान कृष्ण चहल, अनिल ने बताया कि तीन जनवरी तक चक्का जाम रहेगा। जो आगे भी बढ़ सकता है। इस दौरान दूध, फल, सब्जी, डीजल, खाद, पशु लाने का काम पूरी तरह से बंद रहेगा। उनकी कोई भी गाड़ी लोड नहीं होगी।

### असंध, हांसी, बरवाला, गोहाना रूट पर परेशानी



जींद। बस अड्डा पर मौजूद लोग हडताल के चलते खाली नजर आ रहा बस अड्डा। फोटो :हरिभूमि




जींद। मांगों को लेकर लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते चालक। फोटो :हरिभूमि

### अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान

प्राइवेट बसों की हड़ताल के चलते असंध, हांसी, बरवाला, गोहाना व नरवाना रूट पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इन रूटों पर जहां पहले 10 से 12 मिनट में दूसरी बस मिल जाती थीए वहीं सोमवार को बस के लिए आधे घंटे से 'यादा इंतजार करना पड़ा। प्राइवेट बस यूनियन के प्रधान और बस ऑपरेटर अजय व राकेश व ट्रक यूनियन के प्रधान कृष्ण चहल व अनिल ने कहा कि देश भर के चालक इस बिल का विरोध कर रहे है। अगर सरकार ने बिल वापस नही लिया तो तीन दिन की हडताल को अनिश्चितकालीन में बदल दिया जाएगा।

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के आह्वान पर प्राइवेट बस व ट्रक चलाकों ने बस स्टैंड से लेकर लघु सचिवालय परिसर तक प्रदर्शन करते न्याय सहिंता बिल वापस लेने की मांग की। लघु सचिवालय पहुंच कर चालकों ने तहसीलदार रविंद्र हुड्डा को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ, हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन जींद, ऑल प्राइवेट परिवहन समिति, टैक्सी यूनियन जींद, टैम्पू यूनियन जींद, कैंटर यूनियन जींद व सीटू इत्यादि यूनियनें शामिल हुई। माकपा ने ड्राइवरों के आंदोलन को समर्थन दिया।

### आयात व निर्यात का काम प्रभावित

प्राइवेट बसों के नहीं चलने से जहां परिवहन सेवा प्रभावित हुई वहीं ट्रकों के पहिये थम जाने से जींद जिले से दाल, फल, व सब्जियों के साथ-साथ कपड़ा, दूध, खाद और दवाइयों का भी आयात निर्यात बंद हो गया है। जींद शहर में यूनियन के 250 से ज्यादा ट्रक हैं जिसमें से 50 से 60 ट्रक हर रोज बाहर जाते हैं। जो फल व सब्जियां लेकर दिल्ली की ओर जाते थे। इसके अलावा आयात व निर्यात का काम भी प्रभावित हैं जिससे दवाइयां, खाद व डीजल लाने का काम भी बंद रहेगा। वहीं जींद से 165 प्राइवेट बस चलती हैं, जिसमें से गोहाना रूट पर 18, नरवाना रूट पर 31, असंध रूट पर 17, पुंडरी रूट पर तीन, पानीपत रूट पर 30, बरवाला रूट पर 19 व हांसी रूट पर 26 बस सहित 165 प्राइवेट बस चलती हैं। जो तीन दिन तक बंद रहेगी।

## कैथलः सहकारी समिति की बसों का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

सरकार की तरफ से लागू किए नए हिट एंड रन कानून को लेकर ट्रक, बस, आटो सहित अन्य वाहन चालकों में रोष है। वाहन चालकों का कहना है कि इस कानून के लागू होने से वाहन चालकों को सड़क पर सफर करने में दिक्कत आएगी। यदि दुर्घटना हो गई तो चालकों को जेल जाना पड़ सकता है तथा जुर्माना भी देना होगा। यही नहीं दुर्घटना होने पर चालक को 10 साल की कैद तथा 7 लाख रुपये जुर्माना लगाने से उसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। सरकार कानून को वापस लेते चालकों को राहत देने का काम करें। यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो चालक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। सोमवार को प्राइवेट बस चालक व ट्रक ड्राइवर ने नई अनाज मंडी में जमा हुए और नई सड़क दुर्घटना कानून को रद करवाने की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन दिया। हड़ताल में सर्व चालक कल्याण संघ, राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा, ट्रांसपोर्ट सारथी व कैथल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन शामिल हैं। भाईचारा ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रधान रामफल, हैप्पी, कालू राम ने बताया कि सरकार की तरफ से आए दिन नए-नए कानून चालकों पर लगाए जा रहे हैं। एक तो महंगाई के इस दौर में पहले ही ट्रक चालक परेशान हैं और ऊपर से सरकार की तरफ से इस तरह के कानून लागू कर ट्रक चालकों के धंधे को चौपट करने का काम किया जा रहा है। चालकों ने कहा कि सड़क पर चलते समय दुर्घटना हो जाती है। कई बार तो सामने से आने वाले वाहन चालक की गलती से भी हादसा हो जाता है, लेकिन हमेशा बड़े. वाहन चालक को दोषी करार दिया जाता [illegible] हादसों में चालकों को इतनी बड़ी सजा मिलेगी और जुर्माना भी लाखों रुपये में लगाया जाएगा तो कैसे चालक सड़कों पर वाहन चला सकेंगे। यह कानून ट्रक चालकों को बर्बाद कर देगा। इस तरह के कानून को वापस लिया जाना चाहिए।



पूंडरी। खड़ी सहकारी समिति की बसें। फोटो :हरिभूमि

### दिन भर भटकते रहे यात्री

कैथल में सोमवार को 100 से भी अधिक बस बंद होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों को एक घंटे से भी अधिक समय तक बसो का इंतजार करना पड़ा तथा जब बस आई तो यात्री अधिक होने के कारण बस में खड़े होकर ही सफर करने को मजबूर होना पड़ा। प्राइवेट बस चालक व ट्रक ड्राइवर ने नई अनाज मंडी में जमा हुए और नई सड़क दुर्घटना कानून को रद करवाने की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन दिया।

### 115 बसों का पहिया रहा बंद

प्राइवेट बस चालक एसोसिएशन के प्रधान सूरज ने कहा कि दुर्घटना होने पर चालकों को दस साल की सजा व पांच से सात लाख रुपये जुर्माना लगाने के कानून को लेकर प्राइवेट बस चालकों में रोष है। बस चालकों ने सभी 115 बसों के बंद करते हुए सरकार के खिलाफ रोष जताया। उनकी मांग है कि इस कानून को वापस लिया जाए, ताकि बस चालकों को वाहन चलाने में किसी भी तरह की दिक्कत न आए। सूरज ने कहा कि चालक की गलती ही नहीं बल्कि सड़कों की खस्ता हालत, तंग सड़क, सांकेतिक चिन्हों के अभाव में भी काफी दुर्घटना होती है।

ल हरकत करन



पाई। राजौंद-पूंडरी मार्ग पर जाम लगाते वाहन चालक।

### चालकों ने राजौंद-पूंडरी मार्ग पर लगाया जाम

पाई। साल के पहले दिन सोमवार को प्राइवेट ड्राइवरों के द्वारा पाई में पुंडरी राजौंद मार्ग पर जाम लगाया। जाम दो घंटे तक लगा रहा और थाना पुंडरी प्रभारी को ज्ञापन देने के बाद जाम खोला गया। इस दौरान ड्राइवरों ने बताया कि सरकार के द्वारा जो नये नियम बनाए है, वे उनके विरोधी है। बताया कि वे मात्र चार, पांच हजार प्रति माह की नौकरी करते है तो नये नियम के अनुसार दस व सात लाख वे कहां से देगे। यदि कोई पीछे से उनके वाहन को टक्कर मारता है तो वे जब तक उसको उठायेंगे, तब तक तो लोग उनको पीठ कर मार देगे। लोगों की मार से बचने के लिए ही उनको भागना पड़ता है। बताया कि उनका किसी से बैर विरोध नही और न ही वे किसी को टक्कर मारना चाहते है, परन्तु कई बार उनकी व दसरे की गलती से दुर्घटना हो जाती है, ऐसे में उनको सात या दस साल की सजा दिये जाने के नियम भी गलत है। सरकार से इन नियमों को वापस लेने की मांग की है।

### कानून वापसी तक हड़ताल रहेगीः चालक

पूंडरी। प्रदेश में नव वर्ष के पहले ही दिन सरकार के नए कानून हिट एंड रन के खिलाफ ट्रांसपोर्टरों ने धरना-प्रदर्शन व हड़ताल शुरू कर दी है। पूंडरी के बस स्टैंड पर प्राइवेट बस चालकों, परिचालकों व भाईचारा टैक्सी यूनियन के चालकों ने भी हड़ताल करते कोई भी बस व वाहन न चालक सरकार के खिलाफ बस स्टैंड में जमकर नारेबाजी की व प्रदर्शन किया। चालक नरेंद्र वालिया, हरि सिंह, विक्की पांचाल, बस चालक शुभम शर्मा, वकील पाई, आरके सेरधा, प्रवीण बरसाना, अशोक पूंडरी टैम्पो यूनियन, बलजीत सिंह, सतीश पूंडरी, विनोद, अशोक सैनी प्रधान कैंटर यूनियन बलविंदर ने बताया कि सरकार ने जो 26 नया कानून हिट एंड रन पास किया है, उसमें चालकों के हितों को ध्यान में नहीं रखा है। सरकार ने इस कानून के तहत जो चालक के मौके से फरार होने पर 10 वर्ष की सजा और 10 लाख रुपए जुमार्ना और मौत हो जाने पर 7 लाख रुपये जुर्माना व 7 वर्ष की कैद की है, वह गलत है।



पूंडरी। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते चालक।

# नव चयनित एचसीएस अधिकारी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सीवन

नव चयनित एचसीएस अधिकारी राहुल शर्मा का अपने पैतृक गांव सीवन में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले राहुल शर्मा अपने परिजनों के साथ उनके प्राथमिक स्कूल नेशनल मॉडल स्कूल में पहुंचे जहां पर स्कूल की मुख्य शिक्षिका कुसुम शर्मा व अध्यापकों ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते राहुल शर्मा ने बताया कि उनके ताया जी कृष्ण मुरारी शर्मा व ताई सरोज ने उन्हें प्रेरणा दी जिससे वह आज यहां इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं।

उनकी प्रारंभिक शिक्षा सीवन के नेशनल मॉडल स्कूल में हुई और उसके बाद उन्होंने आरकेएसडी कालेज कैथल और थापर युनिवर्सिटी पटियाला से शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने बताया कि उनके पिता पवन शर्मा सिंचाई विभाग में जिलेदार के पद पर कार्यरत हैं। उनकी माता पूनम शर्मा गृहणी हैं। उनके एक ताया सुरेन्द्र शर्मा बीडीपीओ के पद से रिटायर हुए हैं जिन्होंने उनका बहुत मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों के लिए संदेश दिया कि अपने बड़ों का सम्मान करें और अपने शिक्षकों का सम्मान करें। शिक्षा हमें समाज में बहुत आगे ले जा सकती है। शिक्षा से ही हम तरक्की कर सकते हैं। इस अवसर पर अनिल शर्मा, शक्ति शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, अरूण शर्मा, सुरेश वर्मा व अन्य मौजूद रहे।



सीवन। राहुल शर्मा का स्वागत करते स्कूल के अध्यापक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# रेहड़ी-फडी एसो.ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## नप कर्मचारियों पर रेहडियां हटाने का दबाव डालने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

कस्बे के लघु सचिवालय के बाहर फल, सब्जी, चाय व अन्य खादय पदार्थ बेचने वाले पद्रह से बीस रेहडी लगाने वालों ने रेहडी पटरी फेरी वकर्स वैलफेयर एसोसिएशन ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने आए राकेश, शमशेर, राकेश व वेदपाल ने बताया कि वह लघु सचिवालय के पास अपनी रेहडी लगाकर फल, सब्जी, चाय व फास्ट फुड व अन्य खादय सामग्री बेंचकर गुजर बसर करते है और उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई असुविधा नही होती है। बावजूद भी नगर परिषद के कर्मचारी उनकी रेहडियों का पटरीयां हटाने का दबाव बनाते रहते है। सभी रेहडी वालों ने बताया कि कई दिनों से हरिकेश व नरेश पर वहां से रेहडी हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। वहीं रेहडी वालों ने बताया कि उनके पास कमेटी द्वारा मान्य लाइसेंस भी है। लेकिन उसके बावजूद उनकों कमेटी कर्मचारियों द्वारा तंग किया जा रहा है। वहीं बताया कि उन्होंने जब कमैटी दफ्तर जाकर इस बारे बात कि तो उन्होने कहा कि इसके लिए उनकी तरफ से रेहडी हटाने के कोई आदेश नहीं है। सभी रेहडी वाले ने ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम को नगर परिषद को इस बारे पत्र लिखे ताकि सभी रेहडी वाले अपना काम सुरक्षित रूप से कर सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजीव, दिनेश, रोहताश, काला, दिलबाग,मौजूद रहे। नप कार्यकारी अधिकारी कुलदीप ने बताया कि रेहड़ियों को सड़क पर खडा करने के लाइसेंस नहीं दिए है ये सड़कों पर खडे होकर जाम जैसी स्थिती पैदा करते है इसलिए हटने के लिए बार-बार कहा जा रहा है।



नरवाना। ज्ञापन सौंपते रेहडी फेरी वर्कर्स वैलफेयर एसोसिएशन।

### सामाजिक बुराइयों को दूर करने का लिया संकल्प

# रामराय तपा में नौगामा खाप चबूतरे का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

नौगामा खाप ने सोमवार को रामराय तपा पर नववर्ष पर प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इसके अलावा नौगामा खाप ने गांव रामराय तपा में दो एकड़ में अपने चबूतरे का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया। पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इसकी नींव रखी थी। सोमवार को कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन के प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की। नौगामा खाप ने गांवों से सामाजिक बुराइयों को दूर करने का भी संकल्प लिया। नौगामा खाप के प्रधान सुरेश बहबलपुर ने बताया कि सम्मान समारोह में 20 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों ने जिलेए प्रदेश व देश में नौगामा खाप का नाम रोशन किया है। इसके अलावा एक सिविल जज, एक सेना जवान को भी सम्मानित किया। सुरेश ने कहा कि नौगामा खाप ने अपने गांवों से सामाजिक बुराइयों को दूर करने का भी संकल्प लिया है। नशाखोरीए दहेज प्रथाए डीजे बजानेए बाल विवाह के खिलाफ खाप अभियान चलाएगी। नशे के कारण काफी परिवार बर्बाद हो रहे हैं। इनको रोकने के लिए खासकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। वहीं युवा किसी बुराई में नहीं फंसे, उनको बचाने के लिए खेलों की तरफ युवाओं का रुझान बढ़ाया जाएगा।



जींद। नौगामा खाप के कार्यक्रम में भाग लेते लोग, महिलाएं एवं बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मुख्यातिथि कुलदीप रंधावा ने कहा कि खाप की तरफ से जो भी सहयोग मांगा जाएगाए वह दिया जाएगा। खापों के कारण ही सामाजिक ताना-बाना बना रहता है। खाप समस्याओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैंए इसलिए खापों को मजबूत बनाने की जरूरत है। इस मौके पर प्रवक्ता उमेद जागलान, महावीर गुलकनी, चंद्रभान नंबरदार पोकरीखेड़ी, सूरजमल ईंटल खुर्द, हरपाल ढुल, रामफल जागलान, धर्मपाल धिमाना, बिंदर नंबरदार ईंटल कलां, रामराजी पोकरीखेड़ी भी मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में एक की मौत, चार घायल

- पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में खरक पांडवा के दीपक ने कलायत थाना में शिकायत दी कि उसका भाई सुखदेव कैथल में मजदूरी करता था। एक जनवरी को सुखदेव रात के समय मजदूरी कर सुबह घर आ रहा था। जब गांव के नजदीक पहुंचा तो ट्रक चालक ने टक्कर सुखदेव की मोटरसाइकिल को मार दी। टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। दूसरे मामले में गांव खानपुर निवासी राजीव ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 31 दिसंबर को वह जानकार, राहुल, संजू व सन्नी के साथ कार में सवार होकर हरिद्वार जा रहा था। जब वे सनसिटी के पास एक कार चालक ने तेजगति चलाते टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे चारों चोटिल हो गए।

## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लास से मनाया नव वर्ष का पर्व

**उचाना।** नव वर्ष का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार को नव वर्ष की शुरूआत होने पर उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। देवभूमि बनभौरी के माता भ्रामरी धाम पहुंच कर भी नव वर्ष पर श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए माता से प्रार्थना की। गौशालाओं में भी लोगों ने परिवार के साथ पहुंच कर हरा चारा, गुड़ गायों को डाला।

### स्वयंसेवकों ने गोशाला में किया श्रमदान

**जींद।** कलीराम डीएवी पब्लिक स्कूल सफीदों में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी के दिशा निर्देशानुसार स्वयंसेवकों ने सफीदों श्री स्वामी गौ रक्षानंद गौशाला में श्रमदान किया। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते कहा कि गौधन अमूल्य धन है जिससे दूध, दही, घी का अमृत भंडार मिलता है।

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में नववर्ष पर कार्यक्रम

**जींद।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में नववर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत स्कूल के स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम में नृत्य, संदेश और शुभकामनाओं द्वारा अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। अध्यापिका ट्विंकल, आशा, अनु और सुदेश ने नृत्य द्वारा प्रियंका और रेखा ने संदेश द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दिखाई। मंच का संचालन अध्यापिका संजू ने किया।

### युवती लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**जींद।** जुलाना थाना इलाके से युवती के गायब होने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी नाबालिग बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर बेटी का कोई सुराग नहीं लगा।

### कल पुरानी अनाज मंडी में विकास रैली : शर्मा

**जींद।** अजमेर बस्ती में श्वेता, आशा, तृप्ता सहित अन्य महिलाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन संयोजक शिवनारायण शर्मा ने कहा कि जिला जींद के लोग अपने इस इलाके के पिछड़ेपन को दूर करना चाहते हैं और अपने नौजवानों को यहां पर रोजगार चाहते हैं। तीन जनवरी को महिलाएं और जींद की जनता पुरानी अनाज मंडी में होने वाली विकास रैली में हिस्सा लेंगी।

### ब्लू बर्ड मांटेसरी स्कूल में हवन का आयोजन

**जींद।** पटियाला चौक स्थित ब्लू बर्ड मांटेसरी स्कूल में नववर्ष का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय को गुब्बारों से सजाया गया। अध्यापक, अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी अभिभावक अपने बच्चों के साथ विद्यालय में आए। दिसंबर परीक्षा का परिणाम घोषित किया।

### महिला सम्मेलन कर इनेलो ने दिखाई ताकत

**उचाना।** इनेलो महिला विंग प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला की मेहनत रंग लाई। 31 दिसंबर को कपास मंडी शैड के नीचे आयोजित इनेलो के प्रदेश स्तरीय महिला आक्रोश सम्मेलन में भीड़ उमड़ी। हलके के साथ-साथ प्रदेश के कौने-कौने से महिलाए सम्मेलन में पहुंची। महिलाए गीत गाते हुए, इनेलो के झंडे के साथ कार्यक्रम स्थल तक आई।

### संगठन का जल्द किया जाएगा विस्तार: सुखबीर

**जुलाना।** शादीपुर गांव में स्थित कांग्रेस नेता प्रवीन सिहाग के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा प्रभारी सुखबीर सैनी ने की। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुखबीर सैनी ने कहा कि जल्द ही कांग्रेस के विधानसभा के संगठन का विस्तार किया जाएगा। हर बुथ तक कांग्रेस के कार्यकर्ता को चुना जाएगा।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया नव वर्ष

# महिलाओं ने सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुतियां दी

### जगह-जगह हवन श्रद्धालुओं ने लगाए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

जिलेभर में सोमवार को नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया। नव वर्ष पर संस्थाओं ने कहीं गरीब लोगों को गर्म वस्त्र वितरित किए तो कहीं पर सामाजिक संगठनों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन कर सुख स्मृद्धि की कामना की गई। इसके अलावा शहर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। नया वर्ष मानव कल्याणकारी हो, इसके लिए महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान महायज्ञ के बाद लगे भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने कहा कि नए वर्ष का शुभारंभ धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हो तो पूरा वर्ष शुभदायक रहता हैं। पहले दिन जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।



जींद। रेलवे रोड पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### रेलवे रोड पर हुआ भंडारे का आयोजन

नव वर्ष के उपलक्ष में पटियाला चौक स्थित रेलवे रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास के दुकानदारों ने एकत्रित होकर सहयोग दिया। दुकानदार साहिल, सुभाष परूथी, राजेश गोयल, मनोज वधवा, अंकित मलिक, राकेश सचदेवा, गौरव गुलाटी, अभय प्रताप ने भंडारे में सेवा की और भंडारा वितरित किया। साहिल, सुभाष परूथी, राजेश गोयल, मनोज वधवा ने कहा कि नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो, इसी उद्देश्य से भंडारा लगाया गया है। यदि नव वर्ष का शुभारंभ धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हो तो आगामी पूरा वर्ष शुभ फलदायक रहता हैं। वर्ष के पहले दिन ही सभी ने एकत्रित होकर जरूरतमंदों की मदद के लिए भंडारा लगाने की सोची ताकि किसी जरूरमंद को एक वक्त की रोटी तो मिल सके। इसी सोच को लेकर उन्होंने भंडारा लगाया। आगे भी सभी मिल कर समय-समय पर भंडारे व अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाएगा।

### नव वर्ष पर लगाया भंडारा

संतमत धारा सेवा समिति के प्रांगण में नव वर्ष पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया। संतमत धारा सेवा समिति के प्रधान सेवादार सूर्यदास द्वारामनुष्य जीवन में अध्यात्म के महत्व पर प्रकाश डाला गया व समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, नशावृति इत्यादि को रोकने पर जोर दिया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान जैसी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया तथा इस से होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकर्ता थांबूराम, रमेश चंद, हरजीत सिंह, ओमप्रकाश, सालिक राम, नितिन व महिला कार्यकर्ता नीलम देवी, अनिता देवी, सीमा देवी, कमलेश देवी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कमीशनखोरों को सबक सिखाएगी जनता : रघबीर

■ कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य ने कार्यकर्ताओं संग मनाया नया साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद


जींद। कार्यकर्ताओं के साथ रघुवीर भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य रघबीर भारद्वाज ने नये वर्ष 2024 को उन सत्ताधारियों के लिए घातक करार दिया, जिन्होंने जनता के खून-पसीने की गाढ़ी कमाई को कमीशन के रूप में खाने का काम किया है। भारद्वाज ने सोमवार को कार्यालय में लोगों को मिठाई खिलाते कहा कि नया वर्ष हरियाणा के लिए तरक्की और खुशहाली लेकर आए, इसके लिए हम सबको खास संकल्प लेकर चलना होगा। लोगों को जात-पात के चक्कर से ऊपर उठ कर जींद क्षेत्र की तरक्की और मूलभूत सुविधाओं के लिए निर्णायक निर्णय लेना होगा। जींद क्षेत्र के लोगों को उन सत्तासीनों को सबक सिखाना होगा। जिन्होंने जनता जनार्दन के लिए होने वाले विकास कार्यों की राशि को कमीशन के तौर पर चाटने का काम किया है। क्योंकि सरकारी पैसा लोगों के टैक्स का ही होता है। इसलिए जिन सत्तासीनों ने सरकारी पैसे से अपनी जेबे गर्म की है, उनको इस वर्ष सबक सिखाने का समय नजदीक आ रहा है। इस मौके पर अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

सोनीपत लोक सभा ऑब्र्जवर मयंक पटेल ने तीन जनवरी को हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया के जींद आगमन को विश्रामगृह में पार्टी के नेताओं से मुलाकात की। सोमवार को मयंक पटेल से कांग्रेस पिछडा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी, कांग्रेस नेता प्रमोद सहवाग, पवन गर्ग, राजू लखीना, विरेंद्र घोघडिया, युवा कांग्रेस नेता सारंग शमशेर ढाठरथ ने मुलकात की। मयक पटेल ने कांग्रेस नेताओ के साथ आगामी चुनाव को लेकर बातचीत की ओर पार्टी की मजबूती को लेकर मिल कर कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियो को जन-जन तक पहुंचाया जाए। मयंक पटेल तीन दिनों तक पार्टी के नेताओं से मिलेंगे ओर पार्टी को मजबूत करने के चर्चा करेंगे। पार्टी के नेता पवन ने बताया कि तीन को काग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया जाट धर्मशाला मे पार्टी नेताओं से रूबरू होगे।


जींद। विश्राम गृह में एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### यज्ञ कर लोगों के सुख व समृद्धि की कामना

**सफीदों।** नव वर्ष के मौके पर सोमवार को वीर भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इससे पहले यहां हवन यज्ञ किया। इसमें लोगों की सुख, समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि इस वर्ष लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देश और प्रदेश में भारी बहुमत से भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। क्योंकि पिछले नौ साल में शासन और प्रशासन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से चलाया है। ऐसी व्यवस्था की है, जिससे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में लाभार्थी तक पहुंचे। सैनी ने कहा कि नौकरियों और तबादला बहुत बड़ा व्यापार बन चुका था। भ्रष्टाचार ने प्रदेश को घुन लगाकर खोखला कर दिया था परंतु अब व्यवस्था परिवर्तन करके भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा दिया है। 95 प्रतिशत तबादले ऑनलाइन कर दिए हैं।

# जुलाना सब डिवीजन में मनाया सेफ्टी-डे

■ एसडीओ ने कर्मचारियों को दी सुरक्षित कार्य करने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶जुलाना


जुलाना। बिजली निगम कार्यालय में सेफ्टी डे मनाते बिजली कर्मचारी।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की जुलाना सब डिवीजन में सेफ्टी-डे मनाया गया। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने कर्मचारियों को 11 केवी लाइन पर सुरक्षा उपकरण के साथ सुरक्षित कार्य करने की नसीहत दी। सोमवार को जुलाना सब डिवीजन में आयोजित कार्यक्रम में टेक्नीकल कर्मचारियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि 11 केवी लाइनों पर कार्य करते हुए कर्मचारियों के साथ हादसे होते हैं जिनका मुख्य कारण लापरवाही है। इसलिए कर्मचारियों को चाहिए कि वे सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें। लाइन पर कार्य करने से पहले 11 केवी लाइन को अच्छी तरह से बंद करवाएं। इसके अलावा लाइन के दोनों साइड चैन डाल कर करंट को खत्म करें। उसके बाद ही 11 केवी लाइन पर कार्य करें। अशोक कुमार ने बताया कि अगर हम पूरी सतर्कता से कार्य करेंगे तो हम सुरक्षित रह सकते है। कर्मचारियों को सेफ्टी किट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता सुभाष चंद्र, पवन कुमार जेई, विजय कुमार, राजेश कुमार, बलजीत, नरेश दलाल, योगेश कुमार, सुखबीर, राजपाल, राजेन्द्र करसोला आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं संग मनाया नव वर्ष

**जींद।** पूर्व विधायक जसबीर देशवाल ने सोमवार को शहर की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं संग नववर्ष का जश्न मनाया। इस मौके पर देशवाल ने कहा कि नववर्ष का प्रारंभ विजय संकल्प के साथ करें। उन्होंने कहा कि हम सभी गांवों में जनजागरण अभियान के माध्यम से लोगों को अपनी उपलब्धियों और विकास कायोंर् का ब्योरा देंगे। लोगों को नेता का चुनाव योग्यता और अनुभव के आधार पर करने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति से समाज नहीं सुधर सकता है बल्कि समाज राजनीति को सुधारता है। सरकार ने पिल्लूखेड़ा को औद्योगिक क्षेत्र बनाने की मांग को स्वीकार कर लिया है। दोबारा विधायक बना तो इस क्षेत्र में सैंकड़ों उद्योग धंधे स्थापित कर बेरोजगारी की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर दूंगा। एक्सप्रेस वे 152डी बनने के दौरान ही औद्योगिक क्षेत्र का मसौदा तैयार तैयार किया था।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान : गौरव

■ ईगराह की ब्राह्मण धर्मशाला में रक्तदान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद


जींद। रक्तदाता को प्रमाण पत्र देते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

युवा विकास समिति जींद के द्वारा नए वर्ष के शुभ अवसर ईगराह गांव की ब्राह्मण धर्मशाला में एक विशाल रक्तदान का आयोजन किया गया। इसमें 42 युवाओं ने रक्तदान किया। इसके मुख्यअतिथि गौरव भारद्वाज ने कैंप का शुभारंभ किया और कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहींए इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष और जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि रक्तदाताओं को हेलमेट वितरित किए गए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एसआई नरेश ढांडा, राजेश कुमार, विनोद जोशी, वजीर गांगोली, महिपाल कौशिक मौजूद रहे। एसआई नरेश ने कहा कि रक्तदान कीजिए। मानवता के हित में काम कीजिए और आज के युवा को नशे से दूर रहकर इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए। मंच का संचालन युवा विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप रेढू के द्वारा किया गया। समिति सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि समिति इसी प्रकार के कार्यक्रम करती रहेगी।



जींद। प्राथमिक उपचार की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सही प्राथमिक उपचार अपनाएं, पुण्य कमाएं: डा. विद्यार्थी

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के द्वितीय दिन प्राथमिक उपचार एवं होम नर्सिंग प्रशिक्षण स्वयंसेवकों को दिया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी से प्राथमिक उपचार प्रवक्ता वीरेंद्र बिरैली द्वारा स्वयंसेवकों को किसी भी दुर्घटना के समय डॉक्टर के ना पहुंचने तक या मरीज को अस्पताल ना पहुंचाने तक उपलब्ध करवाई जाने वाली प्राथमिक सहायता की विभिन्न विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई ताकि दैनिक वातावरण में घटित होने वाली किसी भी दुर्घटना के वक्त स्वयंसेवक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकें। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय के प्राचार्य डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि किसी भी दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति को अगर उचित प्राथमिक उपचार मिल जाता है तो उस घायल व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है। अतः हमें किसी भी परिस्थिति में परमपिता परमात्मा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने हेतु नर सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। किसी दुर्घटना के समय दुर्घटना स्थल पर उपस्थित व्यक्ति की संजीदगी एवं प्राथमिक उपचार की सही जानकारी घायल व्यक्ति की जान बचा सकती है।

# कर्तव्यनिष्ठ होना अत्यंत महत्वपूर्ण

■ मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में एनएसएस शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद


जींद। मोतीलाल स्कूल में हवन में आहुति डालते चेयरमैन। फोटो : हरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए एक पवित्र हवन का आयोजन किया। इसमें प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार, स्कूल प्रशासक वीपी शर्मा, एनएसएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार, मुख्यअतिथि रमेश भनवाला ने शिरकत की। मुख्य अतिथि रमेश भनवाला ने व्यक्ति के जीवन में सामुदायिक सेवा के महत्व पर जोर दिया। एक जिम्मेदार इंसान और नागरिक के रूप में इस दुनिया में सामाजिक रूप से कर्तव्यनिष्ठ होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज को वापस लौटाने के लिए यूनिट के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य रविंद्र कुमार ने इस शिविर के आयोजन पर एनएसएस इकाई को सम्मानित किया। अपने समुदाय को वापस लौटाने की आवश्यकता पर जोर कहा कि सामुदायिक सेवा में दूसरों को सशक्त बनाने की शक्ति है। उन्होंने आगे कहा कि दान और दयालुता के रूप में इस प्रकार के मानवीय प्रयास मानवता की भावना को बढ़ाते हैं और हमें एक साथ लाते हैं। तीसरे दिन शिविर के आयोजन के लिए धन्यवाद एनएसएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर धीरज, सीमा डीपी, संदीप डीपी, सुमन डीपी, पूजा पसरीजा, अंजू भी उपस्थित थे।


जींद। पखवाड़े के समापन पर राजेश वशिष्ठ अपनी टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

### अखिल भारतीय पंचायत का जागरूक पखवाडा संपन्न

**जींद।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का ग्राहक जागरूक पखवाडा गत 15 से 31 दिसंबर तक जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में चलाया गया। जिले के विभिन्न स्थानों, विद्यालयों, संस्थानों, दुकानदारों को ग्राहकों के अधिकार बारे अवगत करवाया गया। जिसमे लोगों ने रूचि दिखाई। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के हाउसिंग बोर्ड स्थित कार्यालय में पखवाड़े के अंतिम दिन पत्रक वितरित किए गए। जिसमें ग्राहकों के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई थी। जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि वस्तुओं की गुणवत्ता में सुधार लाना ही ग्राहक पंचायत का मूल उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सभी को जागरूक रहने का प्रचार और प्रसार किया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित किया जा सके । आज जिस प्रकार से हम उन्नति कि तरफ बढ़ रहे हैं वही दूसरी तरफ लोगों को मूर्ख बनाने के लिए बाजार में अनेक प्रकार के साधन मौजूद हैं।

## कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के घोष के साथ स्वागत व अभिनंदन किया

# अयोध्या धाम से सफीदों नगरी पहुंचे पूजित अक्षत कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶सफीदों


सफीदों। पूजित अक्षत वितरण का शुभारंभ करते संत डा. शंकरानंद सरस्वती।

श्री अयोध्या धाम में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के लोकार्पण व रामलला प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूजित अक्षत कलश विश्व हिंदू परिषद सफीदों नगर के अध्यक्ष जयदेव माटा की अध्यक्षता में जिला मंत्री प्रमोद गौतम तथा जिला संपर्क प्रमुख सचदेवा चौबे पूरे मान सम्मान के साथ सफीदों लेकर पहुंचे। पूजित अक्षत कलश का सफीदों पहुंचने पर सभी कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के घोष के साथ स्वागत व अभिनंदन किया। इन पूजित अक्षतों को विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी तथा मातृशक्ति के कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचने के कार्य का विधिवत शुभारंभ भक्ति योग आश्रम सरणाखेड़ी के संचालक पूज्य संत डा. शंकरानंद सरस्वती के करकमलों से करवाया। मौके पर विहिप सफीदों नगर के अध्यक्ष जयदेव माटा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, जिला मंत्री जिला मंत्री प्रमोद गौतम, जिला संपर्क प्रमुख सत्यदेव चौबे, राम सिंह, सुरेंद्र व सोनू विशेष रूप से मौजूद थे। स्वामी शंकरानंद सरस्वती ने कहा कि अयोध्या धाम से निमंत्रण के लिए पहुंचे पूजित अक्षत मिलना हम सबका परम सौभाग्य है। हमें इन्हें पूरे मान-सम्मान के साथ घर के पूजा स्थल पर रखकर दोनों समय आरती करनी चाहिए। सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं के कारण हमारा श्री अयोध्या धाम पहुंच पाना कठिन है। 22 को हर घर व हर मंदिर में घी के दीपक जलाकर दीपावली जैसा माहौल बनाना चाहिए।

### 22 को धार्मिक अनुष्ठान होंगे

विहिप सफीदों नगर के अध्यक्ष जयदेव माटा, जिला मंत्री जिला मंत्री प्रमोद गौतम व जिला संपर्क प्रमुख सत्यदेव चौबे ने बताया कि कार्यकर्ताओं की अक्षत पूजन वितरण के लिए टोलिया बनाकर जिम्मेदारियां लगा दी हैं। सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर नवनिर्मित राम मंदिर का यंत्र, निमंत्रण व अक्षत ससम्मान पहुंचाएंगे। इसके अलावा पूजित अक्षत कलश स्थानीय बांके बिहारी मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, महर्षि वाल्मीकि मंदिर में स्थापित करवाए जाएंगे। इसके अलावा 22 जनवरी को स्थानीय महाभारतकालीन प्रसिद्ध नागक्षेत्र सरोवर मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ-साथ नगर के अनेक प्रमुख मंदिरों में भी अनेक प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान होंगे।


जींद। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण : सोम

**जींद।** सुप्रीम स्कूल में सोमवार को एनएसएस कैंप में मुख्यअतिथि के तौर पर पूर्व बाल कल्याण विभाग के चेयरमैन सोम, जनजाति कल्याण विभाग के प्रदेश सचिव सुनील ने शिरकत की। मुख्यअतिथि सोम ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता और संस्कृति का महत्व बताते हुए बताया कि राष्ट्रीय एकता किसी देश के नागरिकों के बीच एक समान पहचान की जागरूकता है। इसका अर्थ यह है कि हालांकि व्यक्ति विभिन्न समुदायों, जातियों, धमोंर्, संस्कृतियों और क्षेत्रों से संबंधित हैं और विभिन्न भाषाएं बोलते हैं लेकिन वे सभी इस तथ्य को पहचानते हैं कि वे एक हैं। अपने आंतरिक मूल्य के अलावा संस्कृति महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक लाभ प्रदान करती है। बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य, बढ़ी हुई सहनशीलता और दूसरों के साथ मिल कर आने के अवसरों के साथ संस्कृति हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है और व्यक्तियों और समुदायों दोनों के लिए समग्र कल्याण को बढ़ाती है। मुख्यअतिथि सुनील ने स्वयंसेवकों को आत्मनिर्भरता का अर्थ बताते हुए बताया कि आत्मनिर्भरता का अर्थ है अपने ऊपर निर्भर रहना। जो व्यक्ति दूसरे के मुंह को नहीं ताकते वे ही आत्मनिर्भर होते हैं। समाज, राष्ट्र के जीवन में सवांर्गीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है। स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है। वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है। सवांर्गीण उन्नति का आधार है। अधिकारी प्रदीप ने भी स्वयंसेवकों की हौंसलाअफजाही की।

## खबर संक्षेप



### कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ का बढ़ा कुनबा

**नरवाना।** हरियाणा कम्पयुटर प्रोफेशनल्ज संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष विजय सिहं व संगठन मंत्री हवासिंह तंवर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग में रा'य संयोजक राजेश गौतम व उपाध्यक्ष दिनेश कुमार बतौर मुख्यवक्ता मौजूद रहें। यह जानकारी देते हुए प्रदेश प्रैस प्रवक्ता राजेश श्योकंद ने बताया कि मीटिंग में मुख्य रूप से आंदोलन की समीक्षा की गई। जिसमें जनवरी में सरकार के साथ वार्ता के लिए कार्यक्रम तय किया गया। संघ की सदस्यता मुख्य मुद्दा रहा। हवा सिंह तंवर ने सभी जिला प्रधानों को अपने-अपने जिले की सदस्यता को 100 प्रतिशत करवाने का दायित्व दिया। रोहतक की नई कार्यकारिणी गठित की गई।



### प्रदेश में बनेगी डबल इंजन की सरकार

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड पांच में भाजपा नेता एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के संयोजक सत्यवान खटकड़ के कार्यालय पर मजदूरों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सत्यवान खटकड़ ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है।

### आप की बदलाव यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**पूंडरी।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा उपाध्यक्ष एडवोकेट वीरेंद्र सिंह श्योकंद ने कहा कि गत दिवस पार्टी की बदलाव यात्रा जब पूंडरी में पहुंची तो एक बहुत बड़ा जनसैलाब उमड़ पड़ा। आज अनाज मंडी पूंडरी में एक भेंटवार्ता में उन्होंने कहा कि जो लोग बदलाव लाने के मूड़ में हैं वे सब इस यात्रा का हिस्सा बने और आम आदमी पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा प्रदेश के जिस भी क्षेत्र में जा रही है, हजारों की संख्या में लोग यात्रा में शामिल हो रहे हैं और पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल से प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि देश को मुफ्त शिक्षा व मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत है।

### डीसी ने गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर ली बैठक

**जींद।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम एवं हषार्ेल्लास के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए जिन विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है वे उसे कर्तव्यनिष्ठा से निभाएं और समारोह में आमजन की 'यादा से 'यादा भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने स्थानीय लघु सचिवालय में बैठक ली।

---

### शीत लहर के कारण छूट रही कंपकंपी, धूप भी नहीं निकली

# ठंड के कारण जीवन अस्त-व्यस्त दिनभर घर में दुबके रहे लोग

- आकाश में बनी रही बादलवाई, नहीं दिखाई दिए सूर्य देवता
- गेहूं के पत्तों में पीलापन दिखाई देने पर जिंक व यूरिया मिश्रण छिडकाव की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नववर्ष का आगाज सोमवार को कडाके की ठंड के साथ हुआ। हालांकि धुंघ तथा कोहरे से तो कुछ हद तक राहत मिली लेकिन ठंड से दिनभर कंपकपी छुटती रही। आकाश में बादलवाई बनी रही। सूर्य के दर्शन भी दिनभर नही हुए। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। हवा की गति तेज तथा ठंडी बनी रही। ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेते देखा गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 17 डिग्री तथा न्यूनतम छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आर्दता 64 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नही है। तापमान मे ओर गिरावट आएगी।



जींद। खेत में खिली फसल। फोटो :हरिभूमि

सोमवार को दिन का आगाज आकाश मे छाए बादलो तथा कडाके की ठंड के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ हवा की गति तेज होती चली गई ओर मौसम ठंडा होता चला गया। दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नही हुए। हवा की कुछ तेज गति तथा ठंड बदन करे चुभती रही। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते देखे गए। बाजार में भी कम ही रौनक देखने को मिली। ठंड के कारण लोग देरी से घरो से निकले ओर जल्दी से कार्य निपटा कर घरो में दुबक गए। सर्दी में मौसम मे अब तक बारिश नही हुई है।

धुंध तथा कोहरे ने कुछ हद तक किसानों को राहत दी थी। मौसम भी फसलों के अनुरूप हो गया था। पिछले तीन दिनों से धुंध तथा कोहरा कम पड रहा है। ठंड बढ रही है। सूर्य भी दिखाई नहीं दे रहा है। सुखी ठंड तथा सूर्य के दिन में दिखाई न देने से फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। सब्जियों में आलू, टमाटर, बेल वाली सब्जियों को पहले ही नुकसान हो रहा है। क्रृषि विशेषज्ञों के अनुसार ठंड को देखते हुए फसलो मे शाम को जरूरत के हिसाब से हलकी सिंचाई करें। गेहूं में पत्तों पीलापन दिखाई देने पर जिंक तथा यूरिया के मिश्रण का छिडकाव करें। पांडू पिडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि सूखी ठंड फसलों के लिए नुकसानदायक है। धुंध तथा कोहरा कम हो गया है। सूर्य नही दिखाई दे रहा है। जिससे फसलों पर विपरित प्रभाव की संभावना बढ जाती है। गेहूं में पीले पत्ते दिखाई देने पर जिंक तथा यूरिया मिश्रण का छिडकाव करें। आगे तापमान मे ओर गिरावट आएगी।

### शीतलहर और कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

*शीत लहर व अत्यधिक सर्दी के चलते शीत घात से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने सरकार के निर्देशानुसार विशेष एडवाइजरी जारी की है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों जिले में शीतलहर व कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हम थोड़ी सी सावधानी बरत कर शीत घात से बच सकते हैं। इसलिए सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। शीत घात से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी, समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने हेतु दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नाक बहना, भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इस तरह के लक्षणों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें।*



### पांच दिन से नहीं निकली धूप

*राजौंद। नगर में पिछले 5 दिनों से सूर्यदेव के दर्शन न होने से जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त होकर रह गया था। दिन के तापमान में भारी गिरावट आने से हाड़ कंपाने वाली शीतलहर का पूर्ण प्रकोप बना है। भारी ठंड व शीतलहर के कारण सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होकर हो गया है। सर्द हवाओं ने सबको घरों में दुबकने को मजबूर कर रखा है। भारी ठंड के कारण बाजार सूने ही पड़े है। भारी ठंड के कारण दुकानदार अलाव जलाकर पूरा दिन काटने पर मजबूर है। ठंड का असर बेजुबान पशु पक्षियों पर भी देखने को मिला। सर्द हवाओं से सबसे 'यादा परेशानी सड़कों पर घूम रहे बेजुबान गौवंश को झेलनी नहीं पड़ रही है। उदर चिकित्सकों ने वृद्ध लोगों को शाम के समय व सुबह की सैर से परहेज करने राय दी है तथा भारी ठंड से अपने आप का बचाव रखे। डा संदीप सिंह ने कहा कि इस समय वायरल का प्रभाव बना हुआ है इसे हलके से न ले। सुबह से लेकर रात कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हालांकि इस कड़ाके की ठंड को गेहूं व चारे की फसल के लिए कृषि विशेषयज्ञ व किसान लाभदायक बता रहे हैं।*

---



कैथल। एसआई रमेश कुमार वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाते हुए।

## ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

- वाहन चालकों को फुल देकर ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रायः देखने में आ रहा है कि धुंध का मौसम चला हुआ है, जो धुंध के मौसम में वाहन दिखाई ना देने कारण सड़क हादसे हो जाते है। सोमवार को थाना यातायात पुलिस की टीम द्वारा एसपी उपासना के आदेशानुसार सडको पर आने-जाने वाले वाहनों के आगे-पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि एसपी उपासना के दिशा-निर्देश अंतर्गत सोमवार की सुबह डीएसपी ललित कुमार, थाना प्रबंधक यातायात सबइंस्पेक्टर रमेश कुमार तथा ट्रैफिक पुलिस के अन्य पुलिस कर्मचारियों द्वारा मिहिरभोज चौंक, पेहवा चौंक,जाखौली अड्डा, जींद बाइपास, चंदाना गेट पर थ्री व्हीलर, ट्रैक्टर-ट्राली, ट्रक, कार सहित वाहनों पर लाल, पीली व सफेद रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। इसके अतिरिक्त वाहन चालको को पुलिस द्वारा फुल देकर ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे प्रेरित किया गया। सभी वाहन चालकों को बताया गया कि धुंध का मौसम चल रहा है। इस दौरान पुलिस द्वारा धुंध के मौसम के दौरान सावधानियां बरतते हुए अपने वाहन धीमी गति में चलाने हेतु जागरूक करने के ईलावा यातायात नियमों की समुचित पालना करने तथा फॉग लाईट व डीपर का प्रयोग करने के दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि रात के समय अपने वाहन के खराब होने तथा अन्य किसी भी स्थिति में वाहन को सड़क पर खड़ा ना करके सड़क से नीचे खड़ा करें, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके।

---

## हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरपंचों ने हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा दिए जाने की मांग की है। इसको लेकर प्रदेशभर में सरपंच अभियान चलाएंगे। सोमवार को सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान सुधीर बुआना के गांव में जींद व जुलाना ब्लाक के सरपंच नव वर्ष के उपलक्ष्य में एकत्रित हुए और प्रस्ताव पारित किया कि एक नवंबर 2024 को हरियाणा गठन के 58 साल पूरे हो रहे है। तब तक हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा दिया जाए और सरकार के सभी प्रशासनिक कार्य हरियाणवी भाषा में हों। सरपंच एक विशेष ग्राम पंचायत की बैठक बुलाकर हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा देने के लिए डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल को प्रस्ताव भेजेंगे। सुधीर बुआना ने कहा कि बोली को भाषा का दर्जा दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।



जींद। एकत्रित हुए सरपंच।

## पूर्व सैनिकों ने मांगों को लेकर की नारेबाजी

- सैनिक नेताओं के आदेश पर रेल रोको आंदोलन को स्थगित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल हरियाणा ने रेल रोको आंदोलन के स्थगित होने पर काला दिवस मनाया क्योंकि जंतर मंतर से बड़ी काल आने की एवज में ये काला दिवस मनाया गया और केंद्रीय नेतृत्व के सैनिक नेताओं के आदेश पर रेल रोको आंदोलन को स्थगित किया गया।

आज जब देश का हर नागरिक एक दूसरे को हाथ मिलाकर गले से गले लगा कर नए साल की शुभकामनाएं दे रहा था उसे समय पर इस देश का बदनसीब सैनिक, सैनिक परिवार, शहीदों की वीरांगनाएं ,डिसएबल साथी एवं उनके परिवार सभी के सभी रोड़ो पर काला दिवस मना रहे थे। एसोसिएशन प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने बताया की हम बदनसीब पूर्व सैनिकों की अभी भी पता नहीं कोई, सुनेगा या नहीं लेकिन उन्होंने कहा हमारे को सरकार देश की सीमाओं पर गोली खाने के लिए भर्ती करती है क्योंकि हम अपनी माताओ ने दुश्मन की गोलियों का सामना करने के लिए और बलिदानी देने के लिए पैदा किया है वो भाग्यशाली होते हैं जो इस मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दे देते हैं और अपने आप को मातृभूमि पर निछावर कर देते हैं, लेकिन हम बदनसीब होते हैं जो सेवाकाल को पूरा कर के घर लौटते हैं क्यों की हमारे को अपने हकों के लिए और उन जांबाज योद्धाओं की वीरांगनाएं के लिए जिन्होंने देश के ऊपर अपने आप को न्योछावर कर दिया। जिन्होंने अपनी वीरांगनाओं के मांग का सिनदुर साफ कर गए उन सभी के लिए व आपने लिए इन गूंगी बहरी सरकारों से संघर्ष करना पड़ता हैं।



कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के लघु सचिवालय में रोष जताते हुए

### घर-घर जाकर करेंगे अक्षत वितरण : चिल्लाना

**जींद।** विश्व हिंदू परिषद् के प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिल्लाना ने सोमवार को अक्षत वितरण का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि शहर के हर घर में अक्षत पीले चावल पहुंचाए जाएंगे। प्रांत सहमंत्री सुशील शास्त्री ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद् पूरे प्रांत में 22 जनवरी सोमवार को महादीपावली के तौर पर मनाने जा रही है। जिला स्तर पर कार्यकर्ता अपने अपने दायित्व को बखूबी से निभा रहे हैं। पूरे प्रांत से कार्यकर्ता श्रीधाम अयोध्या जी में सेवा के लिए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुशील सिंगला ने कहा कि पूरी टोली ने शहर में संपर्क के दौरान पाया कि आम जनमानस में पूरा उत्साह व उमंग है। पूरे शहर को भव्यता से सजाया जाएगा।

---

## हनुमान नगर में घर से चोरी

- सीसी टीवी कैमरे में चोरी की वारदात हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

घर में घुसकर चोरी करने आए दो युवकों के खिलाफ शहर नरवाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस को शिकायत देते हुए लोकेश कुमार ने बताया कि उसका घर हनुमान नगर की गली नं 4ए में मकान है और मकान में सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए है।

उसने बताया कि वह दिनांक 31 दिसंबर 2023 को अपनी माता से मिलने रोहतक गया हुआ था। वहीं दिनांक 1 जनवरी 2024 को करीब 12.10 पर अपने मोबाईल फोन से घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो दो आदमी उसके घर में घुसे हुए थे जो मकान के कमरों से चोरी कर रहे थे। सीसीटीवी में देखने के तुरंत बाद पडौसी को सुचना दी तो आस-पास के के लोग इक्टठा हो गये। जिसका शोर सुनकर वह दोनों चोर पीछे छत से अंधेरे व धुंध का फायदा उठाकर कुदकर भागने की कोशिश करने लगे तो पुलिस ने मौके पर आकर दोनों चोरो को काबू कर लिया।

वहीं जब सुबह आकर मकान मलिक ने घर को संभाला तो घर के अंदर का ताला टुटा हुआ मिला और मौके पर एक पेचकस एक छोटा लोहे का रूम्बा पडा हुआ मिला। दोनो आदमीयों की पहचान जीवन कामी व दुसरे की पहचान बसंत दजी वासी नेपाल के रूप में हुई। उसके बाद पुलिस ने दोनो चोरो जीवन कामी व बंसत दजी का काबू कर लिया। दोनों चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।



सीसीटीवी मे कैद दोनो चोर।


### वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल ने किया महिलाओं का सम्मान

**सफीदों।** वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल द्वारा नववर्ष पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान यशपाल सूरी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इसके अलावा कार्यक्रम में महिलाओं का विशेष सम्मान किया गया। महिलाओं को उपहार देकर नववर्ष पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रधान यशपाल सूरी ने वरिष्ठ नागरिकों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि महिला समाज की धूरी है और पूजनीय व वंदनीय है। जीवन के हर मोड पर महिलाओं का अहम योगदान है।

## बाबासाहेब की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना हल्का के विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने गांव बेलरखां में नवनिर्मित अंबेडकर मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल होकर मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने 03 लाख 21 हजार रुपए नगद अपने निजी कोष से मूर्ति के छत्र निर्माण के लिए दिए। इसके साथ ही विधायक रामनिवास ने कहा गांव बेलरखां में बाबा साहेब की स्थापित की गई मूर्ति समाज में भाईचारे व शिक्षा पर जोर देने का संदेश दे रही है। इसके साथ ही मूर्ति स्थापित स्थल के स्थान पर पार्क बनाए जाने की घोषणा की। इस दौरान गांव के सरपंच पिरथी सिंह द्वारा मांग की गई सिंहमार चौपाल, नेहरा चौपाल व नायक चौपाल के 21-21 लाख रुपए सरकारी कोष से ग्रांट देकर बनाए जाने का वादा किया। इस दौरान जिला पार्षद वीरेंद्र सरपंच, जिला पार्षद पवन सुलेहड़ा, सरपंच मेशा बरटा, सरपंच वेदपाल सिंसर, कुलदीप सिंहमार, विजय बेलरखा, सत्यवान बेलरखा, मौजी बेलरखा, वीरेंद्र बेलरखा व अन्य मौजूद रहे।



जींद। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का अनावरण करते हुए।

---

### जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व : भूपेद्र सिंह



*राजौंद। नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाने में एन एस एस की उपयोगिता को समझाया। इस दौरान हिंदी प्राध्यापक बिजेंद्र सिंह ने जीवन में मूल्यों व अनुशासन का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम अधिकारी विकास नेहरा ने बच्चों से खेल.प्रतियोगिता व अन्य गतिविधियां करवाई। इस दौरान शिव कुमार, मंजेश कुमार, संजीव राणा व मनदीप ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सराहनीय योगदान दिया।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### हवन से शुरू हुआ डीएवी स्कूल में एनएसएस शिविर

**पूंडरी।** पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ संसार के श्रेष्ठतम कर्म हवन यज्ञ के साथ हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या साधना बख्शी एवं स्वयंसेवकों द्वारा आहुति अर्पित की गई। यज्ञ कार्य कृष्ण कुमार द्वारा संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एन.एस.एस. एक ऐसा मंच है जहां से विद्यार्थियों में सामाजिक और सौहार्द की भावना बढ़ती है। विद्यार्थी इस मंच के माध्यम से बहुत कुछ सीखना है। एन.एस.एस. का उद्देश्य भी परमार्थ की भावना को पैदा करना है हमें स्वयं के लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी अच्छे कार्य करने चाहिए। हवन-यज्ञ के पश्चात शिविर में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया।

**विकास** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने दी थी ग्रांट

## 10 लाख की ग्रांट से ढांड में काम शुरू : गुर्जर

- विकास कार्यों के लिए मनोहर सरकार हमेशा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी द्वारा जारी गई 10 लाख रुपए की ग्रांट से गांव ढांड में पिहोवा वाली सडक पर बनने वाले नाले का निर्माण कार्य ढोबी माता मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ विविधत रूप से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अशोक गुर्जर ने कहा कि विकास कार्यों के लिए प्रदेश की मनोहर सरकार हमेशा तैयार है और ढांड में विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। यह नाला बाबा बिहारी दास चौक से लेकर ग्राम पंचायत भवन तक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में सर्वसमाज के लिए समान रूप से प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। मोदी-मनोहर की नीतियों और जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार 2024 में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। डबल इंजन की सरकार ने ऐसी-ऐसी गरीब कल्याण की योजनाएं बनाई है जिनके कारण गरीबों का मान सम्मान बढ़ा है और आर्थिक मजबूती भी आई है। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार साढ़े नो सालों से जनता से वोट लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव, शहर-शहर में जाकर गरीब लोगों को ढूंढ-ढूंढकर योजनाओं से जोड़ रही है। भाजपा की सरकार में गरीबों को अब इलाज कराने की चिंता नहीं है। मोदी-मनोहर सरकार ने आयुष्मान और चिरायु योजना से गरीबों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज कराने को गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया इतिहास लिखा जा रहा है। इन साढ़े 9 सालों में देश व प्रदेश मजबूत हुआ है। हरियाणा की मनोहर सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरियां मिल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया और आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है।



ढांड। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर कमेटी सदस्यों के साथ विकास कार्य का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि